



### एक नजर में

**राघौगढ़ अस्पताल प्रबंधन पर बड़ी लापरवाही का आरोप**

**गुना।** राघौगढ़ के मीट मार्केट निवासी एक 25 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई हैए जिसके बाद परिजनों ने राघौगढ़ अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का दावा है कि अस्पताल में सही समय पर इलाज न मिलने वे अलग.अलग अस्पतालों में भटकते रहे। इलाज में देरी की वजह से महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राखी प्रजापति पत्नी लाखन प्रजापति पिछले दो.तीन महीनों से बीमार चल रही थीं, रविवार सुबह खाना बनाते समय अचानक बेहोश हो गईं। इसके बाद परिजन उन्हें लेकर तत्काल राघौगढ़ अस्पताल पहुँचे। परिजनों का आरोप है कि राघौगढ़ अस्पताल की नर्स ने उन्हें मरीज को साडा अस्पताल ले जाने के लिए कहा। परिजनों ने नर्स के निर्देश पर साडा अस्पताल का रुख कियाए लेकिन उनका दावा है कि साडा अस्पताल सुबह 7 बजे बंद मिलाए जहाँ उन्हें कोई इलाज नहीं मिला। साडा अस्पताल से निराश होकर परिजन मरीज को गुना के एक निजी अस्पताल में लेकर गए। परिजनों के मुताबिकए वहाँ राखी की हालत और बिगड़ गई। अंततरूए गंभीर स्थिति में उन्हें गुना जिला अस्पताल ले जाया गयाए जहाँ चिकित्सकों ने जाँच के बाद राखी प्रजापति को मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। उनका स्पष्ट दावा है कि यदि उन्हें राघौगढ़ अस्पताल में ही समय पर उचित उपचार मिल जाताए तो मरीज की जान बचाई जा सकती थी। चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुएए परिजनों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जाँच की मांग की है।

**बमोरी में 5 जुआरी गिरफ्तार**

**गुना।** बमोरी थाना पुलिस ने बीती शाम ग्राम खड़ेला में जुए के अड्डे पर दबिश देकर पाँच जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और एसडीओपी विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में बमोरी थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया और उनकी टीम को 13 दिसंबर की शाम मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम खड़ेला में पटपरा की पुलिया के पास कुछ लोग फड़ जमाकर तास पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही बमोरी थाने की पुलिस टीम तत्काल ग्राम खड़ेला पहुंची और बताई गई जगह पर घेराबंदी कर जुआ खेल रहे सभी पाँच लोगों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए जुआरियों की पहचान देवेंद्र राजपूत, राजकुमार राजपूत, विष्णु बैरागी तीनों निवासी खड़ेला, कल्लू खां निवासी बमोरी और लल्लू धाकड़ निवासी लपचौराद्ध के रूप में हुई है।

# एआई ने निकाली एसआईआर में ढेरों गलतियां

## अब बीएलओ करेंगे वेरिफाई, कमिश्नर खत्री ने गुना में की तीन जिलो की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**गुना।** मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य ;एसआईआरद्ध का दूसरा चरण भी जोर.शोर से जारी है। मतदाताओं से डोर.टू.डोर संपर्क करने के बाद बीएलओ ने फॉर्म ऑनलाइन अपलोड कर दिए हैं। अब चुनाव आयोग इन फार्म की जांच अपने सॉफ्टवेयर के साथ.साथ एआई से भी कर रहा है। एआई ने बारीक से बारीक ढेरों गलतियों को ढूढ़ निकाला है। जिनका सत्यापन अब एक बार फिर बीएलओ को करना पड़ रहा है।

यह महत्वपूर्ण जानकारी गुना के नेशनल हाइवे पर स्थित जिज्जी की पंचायत रेस्ट्रोमार्ट पर ग्वालियर कमिश्नर मनोज खत्री की मौजूदगी में हुई एक बैठक महत्वपूर्ण में सामने आई। इस बैठक में गुना के अलावा शिवपुरी और अशोकनगर जिलों के अधिकारी और चुनिंदा बीएलओ मौजूद रहे। कमिश्नर ने एसआईआर की प्रगति को लेकर संतोष जाहिर किया। साथ ही कई महत्वपूर्ण सुझाव और निर्देश भी



दिए। उन्होंने खासकरए फॉर्म 6 को लेकर कहा कि बीएलओ जब घर.घर पहुंच ही रहे हैं तो बेहतर होगा कि अभी ऐसे मतदाता चिन्हित कर लेंए जिनके नाम मतदाता सूची में जोड़ना है। इनमें नए मतदाताओं के साथ.साथ कुछ ऐसे वोटर भी हो सकते हैं जो दूसरी जगहों से शिफ्ट हो चुके हों। अगर अभी से फॉर्म 6 का संकलन लिया जाएगा तो एक एक्सरसाइज कम हो जाएगी।

**एआई ने ढूढ़ी बारीक गलतियां :** कमिश्नर ने बताया कि आयोग गलतियों की गुंजाइश को खत्म करने के लिए एआई का सहारा ले रहा है। एआई का काम इतना बारीक है कि वह नामों में किसी भी प्रकार की त्रुटि को ढूढ़कर ला सकता है। जाहिर है पूर्व की सूची में और वर्तमान सूची में नाम अथवा वर्तनी को लेकर कुछ असमानताएं हो सकती हैं। इसलिए बीएलओ यह सुनिश्चित कर लें कि एआई जिन गलतियों का उल्लेख कर रहा है वह स्वभाविक हैं अथवा फॉर्म ऑनलाइन करने में कोई त्रुटि हुई है। दरअसलए एआई एक.एक शब्द को चैक करता है। ऐसे में अगर कहीं स्पेस है या स्पेलिंग में गलती है तो वह उसे भी त्रुटि के रूप में प्रस्तुत करता है। वहीं कुछ नाम ऐसे हैंए जिनमें पिता.पुत्र की आयु में अंतर संदेहास्पद नजर आया। मसलनए अगर 2003 में पिता की आयु 18 वर्ष थी तो 2025 की एसआईआर में पुत्र की आयु कितनी होनी चाहिएए इस पर भी एआई ने अपना तर्क रखा है। जिसे बीएलओ वेरफिाइ कर रहे हैं।

**3 जिलों के 10 बीएलओ से सवाल :** गुना में जिज्जी की पंचायत रेस्ट्रोमार्ट पर शनिवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में गुना के 3ए शिवपुरी के 3 और अशोकनगर जिले के 4 चुनिंदा बीएलओ मौजूद रहे। कमिश्नर ने सभी बीएलओ से निर्वाचन आयोग का एप्लीकेशन चलवाकर देखा। उसपर काम करने का तरीका जाना। वहीं जिन क्षेत्रों में एसआईआर के दौरान अनुपस्थितए शिफ्टेड या मृत मतदाताओं की संख्या ज्यादा मिलीए उनको लेकर सवाल किए। कमिश्नर ने सीधे सवाल किए कि कितने मतदाता नो मैपिंग में हैंए कितने मृत हैं और कितने अनुपस्थित मिले हैंए कितने शिफ्टेड हैं। अगर आंकड़ा ज्यादा था तो उसकी वजह विस्तार से जानी। बीएलओ ने कारणों का उल्लेख करते हुए बताया कि कहीं पलायन अधिक हुआ है अथवा ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों से आने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा बसाहट को भी एक बड़ी वजह बताया गया।

**यह अधिकारी रहे मौजूद :** इस महत्वपूर्ण बैठक में गुना से एसडीएम शिवानी पांडेए तहसीलदार कमल सिंह मंडेलियाए शिवपुरी से अपर कलेक्टर दिनेशचंद्र शुक्लाए तहसीलदार सचिन भार्गव और अशोकनगर जिले से तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव मौजूद रहे। कमिश्नर मनोज खत्री ने बैठक के दौरान जिज्जी की पंचायत रेस्ट्रोमार्ट का निरीक्षण किया और जिला प्रशासन के अभिनव प्रयास की सराहना की। सभी अधिकारियों ने जिज्जी की पंचायत परिसर में स्वादिष्ट भोजन का भी लुत्फ उठाया।

# लगातार दो मौतों से टूटा परिवार

## चाची की तेरहवीं से पहले भतीजे ने की आत्महत्या



नवभारत न्यूज

**गुना।** गुलाबगंज क्षेत्र में कुछ ही दिन पहले एक सदस्य के निधन के बाद घर में शोक का माहौल था कि अब एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैए जिससे परिवार पूरी तरह से सदमे में है। मृतक की चाची का निधन हाल ही में हुआ था और उनकी तेरहवीं की रस्म 19 तारीख को होनी थी। इस बीचए युवा भतीजे द्वारा उठाए गए इस घातक कदम ने पूरे परिवार को गमगीन कर दिया है।

घटना कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुलाबगंज में घटीए जहां किराए के मकान में रह रहे 22 वर्षीय मजदूर सुरेश तोमर पुत्र लक्ष्मण सिंह तोमर ने बीती रात स्थानीय बगीचे में जाकर पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुरेश तोमर मूल रूप से बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के हिनोतिया गिर्द का रहने वाला था। पुलिस के अनुसारए युवक ने तौलिया का फंदा बनाकर यह कदम उठाया। मृतक अविवाहित था। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। परिजनों का कहना है कि सुरेश को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं थी। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि कुछ दिन पहले सुरेश तोमर की चाची का निधन हो गया था और 19 तारीख को उनकी तेरहवीं की अंतिम रस्म होनी थी। घर में पहले से ही मातम पसरा हुआ था और इस दूसरी घटना ने परिवार को पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया है। रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने सुरेश को पेड़ से लटका देखाए जिसके बाद उन्होंने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचेए वहीं कैंट पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा। पुलिस ने शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है।

# कॉम्बिंग गश्तमें 43 फरार वांरटी गिरफ्तार

## पुलिस ने रात्रि में एक साथ किया गश्त

नवभारत न्यूज

**गुना।** एसपी अंकित सोनी के निर्देशन और सशक्त नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में अपराध नियंत्रण की दिशा में एक प्रभावी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने गत रात्रि जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ श्कॉम्बिंग गस्तश् अभियान संचालित कियाए जिसके दौरान लंबे समय से फरार चल रहे कुल 43 वारंटी पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

अपराधों पर लगाम कसने के उद्देश्य सेए पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के रणनीतिक मार्गदर्शन मेंए गत रात्रि जिले भर में एक समय में कॉम्बिंग गस्त अभियान चलाया गया। अभियान से पूर्वए संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने पुलिस टीमों को आवश्यक




दिशा.निर्देश देकर क्षेत्रवार गश्त के लिए रवाना किया। गश्त के दौरानए पुलिस टीमों ने अपने निर्धारित क्षेत्रों में सघन भ्रमण किया और गुंडाए हिस्ट्रीशीटरए जिला बदर अपराधीए इनामी बदमाश और विभिन्न अपराधों में फरार चल रहे आरोपियों की गहन तलाश की। इस व्यापक कार्रवाई में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। माननीय न्यायालयों से जारी विभिन्न वारंटों में लंबे समय से फरार चल रहे कुल 43 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें 07 स्थाई वारंटी और 36 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। इसके अलावाए गस्त टीमों ने जिला बदर अपराधियोंए हिस्ट्रीशीटर्स और गुंडा.बदमाशों को भी गहनता से चैक कियाए जिससे जिले में अपराध नियंत्रण की दिशा में मजबूत परिणाम प्राप्त हुए। गुना पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध यह अभियान भविष्य में भी इसी कठोरता और निरंतरता के साथ जारी रहेगा। कानून एवं शांति व्यवस्था का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति पर रियायत नहीं बरती जाएगी।

# म्याना में 16 से इंटरसिटी का स्पॉपेज, उत्सव का महौल

## कलेक्टर, एसपी ने किया निरीक्षण दिया दिव्यांग का आश्वासन

नवभारत न्यूज

**गुना।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के आगामी दौरे और ग्वालियर.भोपाल इंटरसिटी ट्रेन के नए स्टॉपेज को लेकर म्याना में रविवार का दिन बेहद खास रहा। एक तरफ क्षेत्र में ट्रेन स्टॉपेज को लेकर खुशी का माहौल हैए वहीं इसी बीच कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और एसपी अंकित सोनी ने म्याना रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे।

म्याना रेलवे स्टेशन पर 16 दिसंबर को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आगमन हो रहा है। इसी दिन से ग्वालियर.भोपाल इंटरसिटी ट्रेन का स्टॉपेज म्याना में शुरू होने जा रहा हैए जिसे लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह



है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ही इस ट्रेन को म्याना में रुकने के लिए हरी झंडी दिखाएंगे। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर एक दिव्यांग बुजुर्ग की उपस्थिति ने सभी का ध्यान खींचा। कलेक्टर कन्याल ने मानवीय संवेदना दिखाते हुएए बिना किसी संकोच के जमीन पर बैठकर बुजुर्ग का हाल.चाल जाना। बुजुर्ग की समस्याओं को सुनने के बादए कलेक्टर ने उन्हें ट्राई साइकिल दिलाने का आश्वासन दिया। हालांकि बुजुर्ग ने सहज अंदाज में बैटरी वाली गाड़ी की मांग कीए जिसे कलेक्टर ने सहर्ष स्वीकार करते हुए उन्हें बैटरी वाली गाड़ी दिलाने का वादा किया है।

**म्याना स्टेशन ने बचाई 9 हजार यूनिट बिजली**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कन्याल ने रेलवे अधिकारियों को बधाई दीए क्योंकि म्याना रेलवे स्टेशन ने हाल ही में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस स्टेशन को ऊर्जा संरक्षण के तहत श्ट्रांसपोर्ट कैटेगरीश् में उत्कृष्ट कार्य के लिए महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिल्ली में सम्मानित किया गया है। म्याना रेलवे स्टेशन ने 9 हजार 687 यूनिट बिजली बचाकर यह कीर्तिमान स्थापित किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव ने भी अपने ट्विटर अकाउंट पर साझा किया है और स्टेशन प्रबंधन को बधाई दी है। निरीक्षण के समय भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवारए जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तवए जिला सदस्य प्रतिनिधि दामोदर प्रसाद शर्माए और तहसीलदार गौरीशंकर बैरवा सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# बहन को परेशान करता था जीजा, साले ने उतार दिया मौत के घाट

## बजरंगगढु पुलिस ने किया अंधे कत्ल का पर्दाफाश

नवभारत न्यूज

**गुना।** बजरंगगढ़ थाना पुलिस ने एक जटिल अंधे कत्ल के मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार और उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए बहनोई की हत्या कर शव कुएं में फेंकने वाले आरोपी साले को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना 16 नवंबर की हैए जब बजरंगगढ़ के माता मोहल्ला मरघट शाला के पास स्थित एक कुएं में देवेन्द्र अहिरवार ;उम्र 26 वर्षद्ध निवासी ग्राम पहाड़ा ;शाढौराए अशोकनगरद्ध का शव संदिग्ध अवस्था में मिला था। मृतक के पिता ने 14 नवंबर 2025 को बजरंगगढ़ थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थीए जिसमें बताया गया था कि देवेन्द्र 13 नवंबर की शाम से लापता है। मृतक का शव मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। चूंकि परिजनों ने हत्या कर शव कुएं में फेंके जाने की




आशंका व्यक्त की थीए इसलिए पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने इस मामले को चुनौती के रूप में लेते हुए सूक्ष्मता से जांच कर शीघ्र खुलासा करने के निर्देश दिए।

**परिस्थितिजन्य साक्ष्यों से हुआ खुलासा**

एएसपी मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और सीएसपी प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में बजरंगगढ़ थाना पुलिस ने साक्षियों के कथन और घटना स्थल की परिस्थितियों का गहन विश्लेषण किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ कि मृतक की मृत्यु सिर में गंभीर चोट लगने के कारण हुई थी। गहन जांच में यह तथ्य सामने आया कि मृतक देवेन्द्र अहिरवार अपनी पत्नी को लगातार परेशान करता था। इसी बात को लेकर 13 नवंबर को शराब पीने के दौरान देवेन्द्र और उसके साले विजय अहिरवार के बीच विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि विजय अहिरवार ने देवेन्द्र की मारपीट की और सिर पर पत्थर मारकर उसकी हत्या कर दी। साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से आरोपी ने शव कुएं में फेंक दिया था।

**आरोपी साला गिरफ्तार**

संपूर्ण मर्ग जांच उपरांतए 13 दिसंबर 2025 को आरोपी विजय पुत्र बाबूलाल अहिरवार ;उम्र 33 वर्षद्ध निवासी माता मोहल्ला बजरंगगढ़ के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी विजय अहिरवार घर से फरार होने की फिराक में था। मुखबिर से पुख्ता सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई कर आरोपी को फरार होने का मौका न देते हुए तत्काल गिरफ्तार कर लिया। वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गयाए जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

# यातायात पुलिस ने बसों का किया औचक निरीक्षण

## 15 साल पुरानी दो यात्री बसे जब्त, 21 हजार का जुर्माना

नवभारत न्यूज

**गुना। गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त निर्देशन में यातायात पुलिस ने आज शहर में यात्री बसों के विरुद्ध सघन एवं प्रभावी जांच अभियान चलाया।**

इस औचक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और 15 वर्ष से अधिक पुरानी अवैध बसों के संचालन पर रोक लगाना थाए क्योंकि ऐसी पुरानी बसें यात्रियों के जीवन के साथ गंभीर खिलवाड़ मानी जाती हैं।

यातायात प्रभारी निरीक्षक अजयप्रताप सिंह ने अपने बल के




साथ हनुमान चौराहाए जय स्तंभ चौराहाए जज्जी बस स्टैंडए और कुशमोदा क्षेत्र में विभिन्न यात्री बसों की गहन जांच की। विशेष रूप से ऐसी बसों की पहचान की गईए जिनका पंजीकरण 15 वर्ष या उससे अधिक पुराना थाए क्योंकि शासनादेश के अनुसार ये अवैध मानी जाती हैं। यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी बस बिना वैध परमिट और फिटनेस प्रमाण पत्र के सड़क पर संचालित न हो। ऐसे वाहन न केवल कानून का उल्लंघन करते हैंए बल्कि यात्रियों के लिए सीधा खतरा उत्पन्न करते हैं। यातायात पुलिस द्वारा चलाए गए इस सख्त अभियान के दौरानए मोटर व्हीकल अधिनियम के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई की गई। 07 बसों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 21 हजार का जुर्माना किया गया। 02 बसों को जब्त कर थाने में खड़ा कराया गया।

**कार्यक्रम** | अयोध्या आंदोलन की गाथा सुनाई

# जिले के आरोन में हिन्दू शौर्य जागरण मशाल यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**आरोन।** विश्व हिन्दू परिषद ;विहिपद्ध और बजरंग दल के नेतृत्व में सकल हिन्दू समाज द्वारा अयोध्या में बाबरी विध्वंस की बरसी के उपलक्ष्य में रविवार को विशाल हिन्दू शौर्य जागरण मशाल यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान यात्रा में बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह से चाक.चौबंद रहा।

यात्रा के पूर्व सायं 6 बजे दास हनुमान मंदिर चौराहे पर हिन्दू समाज का एकत्रीकरण हुआ। जय.जय श्री राम के नारों के साथ मंचासीन अतिथियों ने राम दरबार की पूजा.अर्चना की। प्रखंड मंत्री दीपक ओझा ने अतिथियों का परिचय करायाए जिसके बाद विहिप के जिला मंत्री राकेश जीए विभाग संगठन मंत्री योगी वीर सिंह जी और मुख्य अतिथि प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश



जी को बौद्धिक ;भाषणद्ध के लिए आमंत्रित किया गया। वक्ताओं ने अपने जोशीले बौद्धिकों के माध्यम से समाज के सामने हिन्दू शौर्य की अनेक ऐतिहासिक गाथाएं प्रस्तुत कीं। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे सन 1528 में श्रीराम जन्मभूमि पर बाबर के मंसूबे को थोपा गया और फिर हिन्दू शौर्य जागरण के कारण 06 दिसंबर 1992 को बाबरी विध्वंस किया गया। वक्ताओं ने भावुकता से कहा कि आज विश्व यह भी कहा कि बाबर उस धर्म को मिटाना चाहता था जो हिन्दू धर्म प्रकृति का धर्म हैए जिसके लिए नदियाँ शंकर शालिगराम तराशती हैं और आकाश में भोर का सूरज भगवा रंग लेकर दिन की यात्रा प्रारंभ करता हैए जहाँ सबके सुख की कामना की जाती है। जोशिले भाषणों के उपरांतए कार्यकत्ताओं ने अपने हाथों में मशाल लेकर ष्जय जय श्रीरामष् के नारों के साथ विशाल मशाल यात्रा निकाली। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन चौकन्ना रहा और पूरी यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मशाल यात्रा का समापन इंदिरा पार्क पर किया गया। कार्यक्रम के अंत मेंए विहिप बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष राजेश शास्त्री ने सकल हिन्दू समाज और प्रशासन के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शताब्दी वर्ष के तीसरे कार्यक्रम की तैयारी में जुटा संघ

**गुना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ;आरएसएसद्ध अपने शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला में अब तीसरे बड़े आयोजन श्हिन्दू सम्मेलनश् की तैयारियों में जुट गया है। मंडल संचलन और व्यापक गृह संपर्क अभियान के बाद अब हिन्दू सम्मेलन के लिए खंड ;तहसीलद्ध स्तर पर बैठकों का आयोजन शुरू हो गया है। इसी क्रम मेंए शनिवार को फतेहगढ़ खंड में प्रांतीय अधिकारी और जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज को संगठित करना और हिन्दू समाज में जागरण व संस्कार का कार्य करना हैए



ताकि संघ का कार्य हर घर तक पहुँच सके। यह हिन्दू सम्मेलन 20 दिसंबर से मंडल स्तर पर आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गईए जिसके तहत व्यापक जन प्रसार की योजना बनाई गई है। जनसंपर्क के लिए हर घर तक पीले चावल पहुँचानाए वाहन रैली निकालनाए दीवार लेखन और प्रभात फेरी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में सर्वसम्मति से सम्मेलन की आयोजन समिति का गठन भी किया गया। फतेहगढ़ खंड की इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रांतीय अधिकारी लखन विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।